## खबर संक्षेप

### टिकुरिया टोला में नो-एंट्री में घुसा ट्रक



**सतना।** टिकुरिया टोला में नो-एंट्री के बावजूद एक ट्रक घुस गया। यह ट्रक साईं मंदिर बायपास की ओर गया। इस तरह के ट्रक अक्सर नो-एंट्री में घुसकर ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं।

### रामनगर: गोरसरी घाटी में स्कूटी-बाइक की टक्कर



**रामनगर।** थाना क्षेत्र रामनगर के गोरसरी घाटी में एक बाइक और स्कूटी की आपस में टक्कर हो गई। इस हादसे में कुल तीन लोग घायल हुए हैं,जिनमें से एक की हालत गंभीर है।

### शिक्षा मंत्री ने मैहर में माँ शारदा के दर्शन किए



**मैहर।** प्रदेश के शिक्षा और परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने आज माँ शारदा देवी मंदिर पहुंचकर पूजा - अर्चना की और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि देवी माँ की कृपा से प्रदेश लगातार प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर उनके साथ मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, चित्रकूट विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार और शारदा प्रबंधन समिति के सदस्य सचिन मिश्रा,अंबुज द्विवेदी,और विपुल चतुर्वेदी भी मौजूद रहे।

### किसान कांग्रेस का बिजली और खाद की समस्या को लेकर प्रदर्शन आज

**मैहर।** जिले में खाद (यूरिया,डीएपी) की कमी,कालाबाजारी,बिजली की समस्याओं (ट्रांसफार्मर, लो वोल्टेज,फाल्ट), मनमाने बिजली बिल और मार्कफेड की अव्यवस्था के खिलाफ किसानों का आक्रोश बढ़ रहा है। इन मुद्दों को लेकर जिला किसान कांग्रेस कमेटी ने आंदोलन की घोषणा की है। प्रदेशाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान और जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल के नेतृत्व में 8 सितंबर 2025, मंगलवार को दोपहर 12 बजे कृषि उपज मंडी प्रांगण,वार्ड क्रमांक 24,हरनामपुर में एक विशाल सभा आयोजित की जाएगी। सभा के बाद अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय,मैहर का घेराव किया जाएगा। किसान कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और भी उग्र होगा।

### एकेएस बी.टेक,सीएसई छात्र विकास का चयन



**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय ने इस वर्ष के प्लेसमेंट सत्र में एक और उपलब्धि दर्ज की है। बीटेक कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के छात्र विकास कुमार का चयन टैलेंटपुल एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि.में फील्ड इंजीनियर कंस्ट्रक्शन के रूप में हुआ है। वे 1 सितम्बर 2025 से मध्यप्रदेश में एनसीसीलि की परियोजनाओं में कार्यरत हो गए हैं। इस वर्ष विश्वविद्यालय ने अब तक अपने सभी विद्यार्थियों को कैंपस प्लेसमेंट दिलाने में सफलता हासिल की है। विश्वविद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारियों प्रोचांसलर अनंत कुमार सोनी, कुलपति प्रो. बी.ए. चोपडे, डॉ. जी.के. प्रधान, डॉ. अखिलेश ए.वाऊ और डॉ.चन्द्रशेखर गौतम ने विकास कुमार को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएँ आगे भी अपनी प्रतिभा और मेहनत से राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संस्थान का गौरव बढ़ाएँगे।

# सतना हाफ मैराथन में 20 राज्यों से पहुंचे धावक

**85 जिलों से आए 5332 प्रतिभागी, 21, 10 और 5 किमी की दौड़ में 972 महिलाएं शामिल**



पं.गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित हाफ मैराथन का छठवां संस्करण रविवार को संपन्न हुआ। शासकीय उत्कृष्ट वेंकट क्रमांक-1 खेल परिसर,धवारी से शुरू हुई इस मैराथन को प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाई।

**सतना।**

मैराथन में तीन श्रेणियां शामिल थीं-21 किलोमीटर,10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर की दौड़। इस प्रतियोगिता में कुल 5332 धावकों ने हिस्सा लिया। इनमें 972 महिला प्रतिभागी शामिल थीं। देश के 20 राज्यों के 85 जिलों से धावक पहुंचे। विजेताओं को चार लाख रुपए से अधिक की पुरस्कार राशि दी गई। धावकों का जगह-जगह स्वागत किया गया कार्यक्रम में राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी,महापौर योगेश ताम्रकार और ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट के कुलपति डॉ.भरत मिश्र भी मौजूद रहे। मंत्री उदय प्रताप राव ने कहा कि डॉ.राकेश मिश्र ने सतना हाफ मैराथन को राष्ट्रीय पहचान दिलाई है। उन्होंने डॉ.मिश्र की स्वास्थ्य, पर्यावरण,शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में समाजसेवा को प्रेरणादायी बताया। प्रतियोगिता



के दौरान प्रशासन ने रूट पर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं और धावकों का जगह-जगह स्वागत किया गया।

# इंस्टाग्राम से जाल में फंसाकर 5 लाख रुपए की ठगी





**सतना।**

सिविल लाइन थाना पुलिस ने एक साइबर फ्रॉड को गिरफ्तार किया है। आरोपी जोधपुर, राजस्थान का रहने वाला सोहेल वेलिम है।वह मानसिक दिव्यांग युवती से ठगी करने आया था। पुलिस के अनुसार दो साल पहले आरोपी ने आकाश गंगा नगर पतेरी की रहने वाली दिव्यांग युवती को इंस्टा ग्राम के जरिए अपने जाल में फंसाया था।उसने परिवार की बीमारी आदि बहाने बनाकर युवती से ऑन लाइन 5 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए थे। युवती के परिजनों को जानकारी मिलने पर 2023 में पुलिस में शिकायत की गई और मोबाइल नंबर बदल दिया गया। लेकिन आरोपी ने नया नंबर ढूंढकर फिर से पैसों की मांग शुरू कर दी। शनिवार को आरोपी अपने एक साथी के साथ सतना आया और युवती से सोने के गहने हड़पने की योजना बना रहा था। परिजनों ने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया। इस दौरान उसका साथी फरार हो गया,जबकि सोहेल को लोगों ने सुमित बाजार के सामने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

### फरार साथी की तलाश जारी

टीआई योगेन्द्र सिंह परिहार ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। फरार साथी की तलाश जारी है। माना जा रहा है कि यह गिरोह प्रदेश और बाहर कई लोगों को अपना शिकार बना चुका है। परिजन चाहते हैं कि आरोपी दोबारा उनकी बेटी को परेशान न करे।पुलिस पूरे मामले की तह तक जाने के प्रयास में है और युवती का बयान भी लिया जा रहा है।

# मैहर रोपवे 8 से 17 सितंबर तक रहेगा बंद

**मैहर।**



आगामी नवरात्रि मेले की तैयारियों और रखरखाव कार्यों को देखते हुए,माँ शारदा देवी धाम, मैहर का रोपवे 8 सितंबर से 17 सितंबर तक बंद रहेगा। इस अवधि के दौरान श्रद्धालु रोपवे की सुविधा का लाभ नहीं उठा पाएंगे। प्रशासन ने यह निर्णय यात्रियों की सुरक्षा और सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए लिया है। रोपवे का संचालन 18 सितंबर से सामान्य रूप से फिर शुरू होगा। श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि वे अपनी यात्रा की योजना बनाते समय इस सूचना का ध्यान रखें।

# महाकाल विद्यालय में आचार्य गुरुओं का सम्मान

**मैहर।**




शिक्षक दिवस के अवसर पर,6 सितंबर को महाकाल विद्यालय,मैहर में शिक्षकों और गुरुओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में संदीपनी सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य डी.पी.गोस्वामी, डॉ.अशोक बढ़ोलिया,रवींद्र सिंह (मंजू सर),संजय अवधिया,सुभाष चौरसिया,वी.पी. सिंह,दिनेश मिश्रा, शिवशंकर श्रीवास्तव, राजेश बढ़ोलिया,और प्राचार्या विनीता बढ़ोलिया सहित कई गणमान्य व्यक्तियों का सम्मान किया गया। शिक्षकों को श्रीफल,शॉल,कलम और पुष्पमाला भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस दौरान छात्रों ने गुरु वंदना की और अपने अनुभव साझा किए। मंच से बोलते हुए,रवींद्र सिंह 'मंजू सर' ने गुरु और शिष्य के बीच ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला। दिनेश मिश्रा ने गुरुकुल परंपरा पर जोर दिया,जबकि सुभाष चौरसिया ने महाकाल विद्यालय को मैहर का एक प्रतिष्ठित संस्थान बताया। प्राचार्य डी.पी.गोस्वामी ने कहा कि गुरु और शिष्य एक-दूसरे के बिना अधूरे हैं। कार्यक्रम का संचालन राजेश बढ़ोलिया ने किया,स्वागत विनीता बढ़ोलिया ने किया और आभार डॉ.अशोक बढ़ोलिया ने व्यक्त किया।

# नदी में डूबा किशोर, दोस्तों के साथ गया था नहाने



**सतना।**

जिले के कोटर थाना क्षेत्र के डगडीहा गांव में रविवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां 12 वर्षीय राजेंद्र सिंह,पिता सुरेंद्र सिंह सेमरावल नदी में नहाते समय तेज बहाव में बह गया। गहरे पानी में उतरा और डूब गया। ग्रामीणों ने बताया राजेंद्र सुबह करीब 9 बजे गांव के दो दोस्तों के साथ नदी नहाने गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में उतर गया और डूब गया। शनिवार देर रात हुई बारिश से नदी का बहाव तेज था,जिसमें वह बह गया। घटना के बाद उसके दोस्तों ने गांव आकर लोगों को जानकारी दी। स्थानीय गोताखोरों ने नदी में तलाश शुरू की,लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना पर कोटर पुलिस ने सतना से एसडीआर एफ टीम बुलवाई। दोपहर 12 बजे से टीम बोट के जरिए नदी में रेस्क्यू कर रही है,लेकिन खबर लिखे जाने तक बच्चे का कोई पता नहीं चल सका। राजेंद्र के घर में कोहराम मचा हुआ है। परिजन नदी किनारे बच्चे का इंतजार करते हुए बार-बार बेहोश हो रहे हैं।

# त्योहारों में रेल यात्रियों के लिए खुशखबरी: 2024 अतिरिक्त ट्रिप्स के साथ चलेंगी पूजा स्पेशल ट्रेनें

**सतना।**

भारतीय रेल ने त्योहारों के मौसम में यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए 21 सितंबर से 30 नवंबर तक कुल 150 पूजा स्पेशल ट्रेनों को चलाने की घोषणा की है। इन ट्रेनों के माध्यम से कुल 20 24 अतिरिक्त ट्रिप्स का संचालन किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों को बिना किसी परेशानी के उनके गंतव्य तक पहुंचाना और उन्हें अपने प्रियजनों के साथ त्योहार मनाने का अवसर प्रदान करना है।

### पश्चिम मध्य रेल से चलेंगी 80 पूजा स्पेशल ट्रेनें

इस योजना के तहत,पश्चिम मध्य रेलवे भी यात्रियों की सुविधा के लिए 5 जोड़ी पूजा स्पेशल ट्रेनों का संचालन करेगा,जिनसे कुल 80 ट्रिप्स होंगी। ये ट्रेनें जबलपुर,भोपाल और कोटा जैसे प्रमुख स्टेशनों से चलेंगी।

### पश्चिम मध्य रेल की विशेष ट्रेनों की सूची:

रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति (11-11 फेरे),जबलपुर-दानापुर-जबलपुर (12-12 फेरे), सोगरिया-दानापुर-सोगरिया (06-06 फेरे), रीवा-रानी कमलापति-रीवा (06-06 फेरे), रीवा-डॉ.अम्बेडकर नगर-रीवा (05-05 फेरे), रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे इन विशेष ट्रेनों में यात्रा के लिए पहले से ही बुकिंग करालें और यात्रा के दौरान सुरक्षा और स्वच्छता संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करें। इन ट्रेनों की विस्तृत जानकारी रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट, आइआरसीटीसी और नजदीकी रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध है।

# द्वारका-सोमनाथ तीर्थ दर्शन यात्रा के लिए 13 अक्टूबर तक लिये जायेंगे आवेदन

**सतना।** कलेक्टर सतना डॉ.सतीश कुमार एस ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत 25 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक द्वारका-सोमनाथ तीर्थदर्शन की यात्रा प्रस्तावित है। तीर्थ यात्रा में सतना जिले के इच्छुक तीर्थयात्री 13 अक्टूबर तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। योजनांतर्गत आवेदन पत्र निकटतम तहसील,स्थानीय नगरीय निकाय एवं जनपद कार्यालय में कार्यालयीन समय में जमा किये जा सकते है। तीर्थ दर्शन यात्रा हेतु आवेदक सतना जिला अंतर्गत संबंधित तहसील का मूल निवासी होना चाहिए। वरिष्ठ नागरिक जो 60 वर्ष से अधिक आयु के हों तथा आयकर दाता नहीं हो। तीर्थ यात्रा के लिए ऐसे व्यक्ति पुनः पात्र होंगे,योजना के अंतर्गत यात्रा हुए 5 वर्ष की अवधि पूर्ण हो गई हो। यात्रा के लिए शारीरिक एवं मानसिक रूप से सक्षम हो और किसी संक्रामक रोग अथवा टीबी, मानसिक व्याधि,संक्रामक कुष्ठ आदि से ग्रसित न हो। 65 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के आवेदकों के साथ सहायक यात्रा पर जाता है।सहायक 18 वर्ष एवं अधिक 50 वर्ष से कम आयु का होना चाहिए। कलेक्टर ने आयुक्त नगर पालिक निगम सतना,समस्त तहसीलदार,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया है कि आपके क्षेत्रांतर्गत आने वाली तहसील,स्थानीय नगरीय निकाय,जनपद कार्यालय,नगर पालिक निगम से प्राप्त आवेदन को संकलित करेंगे एवं निर्धारित प्रपत्र में एकजाई सूची तैयार कर अनिवार्य रूप से कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## 3 कर्मचारियों को किया गया निलंबित

**सतना।** शाखा सिंहपुर में कृषकों की अंशपूंजी राशि में धोखाधडी का प्रयास करने एवं ऋण वितरण में छोटे कृषको की जगह बडे कृषकों को लिमिट डालकर ड्रावल पास कर भुगतान किए जाने का अनुचित प्रयास किये जाने पर कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक डॉ.सतीश कुमार एस के निर्देशानुसार 3 बैंक के कर्मचारियों को निलंबित किया गया है। इनमें कैशियर राजेश कुमार द्विवेदी,प्रभारी शाखा प्रबंधक शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी तथा लिपिक शाखा सिंहपुर विनय कुमार पाण्डेय को बैंक सेवा नियम के प्रावधान अनुसार प्रथम दृष्ट्या दोषी पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सतना ने बताया कि निलंबन की अवधि में विनय कुमार पाण्डेय द्वारा पूर्व में भी शाखा कोठी में प्रभारी शाखा प्रबंधक के दायित्वों के निर्वहन के दौरान मृतक खातेदार के खाते से राशि आहरित कर अनियमितता किये जाने से निलंबित किया गया था। निलंबन से बहाली विभागीय जांच जारी रखते हुए की गई थी। उसके उपरांत भी श्री पाण्डेय द्वारा उपरोक्त कृत्य किया गया। निलंबन अवधि में श्री त्रिपाठी एवं श्री द्विवेदी का मुख्यालय शाखा नागौद तथा श्री पाण्डेय का मुख्यालय बैंक प्रधान कार्यालय नियत किया गया है।

## प्रशासनिक कार्य व्यवस्था अंतर्गत कर्मचारियों की नवीन पदस्थापना

**सतना।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सतना द्वारा प्रशासनिक कार्य व्यवस्था अंतर्गत कर्मचारियों की नवीन पदस्थापना की गई है। जारी आदेशानुसार सहायक लेखा पाल राजेश कुमार तिवारी को शाखा सेमरिया चौक से शाखा सिंहपुर तथा सहायक लेखापाल बिहारी लाल कोरी को प्रधान कार्यालय फील्ड कक्ष से शाखा सेमरिया चौक में शाखा प्रबंधक के दायित्वों के साथ नवीन पदस्थापना की गई है। इसी प्रकार लिपिक विनोद कुमार चौधरी को शाखा नागौद से शाखा सिंहपुर में पदस्थ किया गया है। संबंधित सेवायुक्त तत्काल भारमुक्त होकर नवीन पदस्थी शाखा में उपस्थित होकर कार्य प्रारंभ करेंगे।

**खबर संक्षेप**

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा विद्युत विभाग द्वारा करवाए जा रहा फीडर विभक्तिकरण कार्य



**गुनौर।** गांवो एवं खेतों में किसानों के लिए निर्वाध्य विद्युत उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे फीडर विभक्तिकरण कार्य में भारी अनिमितता देखी जा रही है जिस पर संबंधित विभाग भी अनदेखी कर रहा है न तो पोल में बोल्डर का इस्तेमाल किया जा रहा हैं न ही कंक्रीट का तथा केबिल और बॉक्स भी कई जगह टूटे हुए है एवं पोल भी टेढे हो गए है इससे पूर्व कुछ ग्रामीणों ने इसका विरोध भी किया था जिसके चलते ठेकेदार को काम भी रोकना पड़ा था संबंधित विभाग में कई बार शिकायत के बाद भी कार्यों में सुधार नहीं किया जा रहा जिससे आने वाले समय में दुर्घटनाओं की समभानाओं बनी हुई है समाचार पत्रों के माध्य से जिला के मुखिया कलेक्टर एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों से इस कार्य की जांच टीम गठित कर कर जांच कराई जाए जिससे गुणवत्तापूर्ण कार्य हो सके।

## पवई नगर में निकाली गई श्री जी महावीर स्वामी की शोभा यात्रा





**पवई।** भाद्र पद माह की शुक्ल पक्ष से शुरू हुई दस लक्षण पर्युषन पर्व जिसमें सकल दिगंबर जैन समाज के द्वारा जैन मंदिर में नित्य भगवान का अभिषेक, व्रत,आदि का पालन करते हुए पूजा अर्चना की गई । रविवार को पूर्णिमा पर दस लक्षण पर्युशन पर्व के समापन पर पवई नगर के सकल जैन समाज के द्वारा गाजे बाजे ढोल नगाड़ों के साथ भगवान महावीर स्वामी श्री जी की शोभा यात्रा निकाली गई,सभी लोग जैन मंदिर के बाद करही मोड़ पर एकत्रित हुए इसके बाद शोभायात्रा मोहन्द्रा तिराहा,मिलौनीगंज,बस स्टैंड, अजय मेडिकल,गांधी चौकी से होते हुए पुनः जैन मंदिर में संपन्न हुई।इस दौरान जगह जगह भगवान महावीर स्वामी जी की टीका,चंदन एवं आरती की गई। इस अवसर पर सकल जैन समाज के सैकड़ों की संख्या में बच्चे,पुरुष एवं महिलाएं मौजूद रहे।

## पदम घाट में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

**तेंदूखेड़ा।** शनिवार को तेंदूखेड़ा थाना अंतर्गत नर्मदा नदी के पदम घाट पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है।जिसकी सूचना पुलिस थाने में दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। एवं आस पास ग्रामीण क्षेत्रों थानों में गुम व्यक्तियों की जानकारी की जा रही है।

# शिक्षकों के द्वारा संस्कार प्रदान करते हुए भावी भविष्य का निर्माण विद्यार्थियों के रूप में जो किया जा रहा है वह हमारे जीवन में सार्थक साबित होता है- पूर्व मंत्री पन्ना विधायक







### शिक्षा से ही विकास का मार्ग साबित होता है - प्रथम नागरिक नपा अध्यक्ष श्रीमती मीना पाण्डेय

पन्ना।

स्व. पंडित केषवराम डनायक की स्मृति में षिक्षक सम्मान समारोह के आयोजन में मुख्य अतिथि की अंसिदी से पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने जहां अपने उदबोधन में विद्यार्थियों के प्रति षिक्षक का सम्मान भी होता है यह हमारी संस्कृति है षिक्षकों को विद्यार्थी अपने बच्चों की तरह प्रिय होते है। वहीं विद्यार्थी भी अपने गुरूओं के सम्मान के प्रति सदैव समर्पित रहते है। प्राचीन समय से हमारी परम्परा में यह देखने को मिलता है। वर्तमान समय में षिक्षकों के द्वारा ही विद्यार्थियों के रूप में जिन छात्र-छात्राओं को विद्या प्रदान करते हुए उनके जीवन को सार्थक बनाते है तभी वह अपने उन्नति तथा मंजिल को प्राप्त करते है। विद्यार्थी सदैव षिक्षक के द्वारा प्रदान की गई षिक्षा के माध्यम से जिस तरह से सफल होते है तभी ये यादगार के पल सदैव के लिए बन जाते है। गुरूओं के माध्यम से ही विभिन्न क्षेत्रों में विद्यार्थी अपने उन्नति का मार्ग तय करते है। वहीं विकास की दिषा में षिक्षकों का योगदान षिक्षा के माध्यम से सदैव जाना जाता है। स्व. पंडित केषवराम डनायक जो स्वयं एक षिक्षक थे जिन्होंने पन्ना में रेलवे लाईन लाने के लिए कहीं न कहीं अपने विचार तत्कालीन समय में रखे थें आज रेलवे लाइ्रन पन्ना के लिए विकास की दिषा को लेकर जानी जा रही है। इसी क्रम में प्रथम नागरिक नपा अध्यक्ष विषिष्ट अतिथि श्रीमती मीना पाण्डेय ने विचार रखे। जिन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि षिक्षा के माध्यम से ही विकास की दिषा तय होती है गौरतलब बात यह है कि हमारे नगर की प्रथम नगारिक श्रीमती मीना पाण्डेय जो स्वयं ही नपा अध्यक्ष के रूप में आज जो जानी जाती है वहीं इनका योगदान अपने बच्चों को लेकर षिक्षा के माध्यम से किस तरह से आगे बढ़ाया गया जहां दोनों बच्चे सफल आयाम को लेकर जाने जा रहे है जिसमें मां का योगदान सबसे बड़ा साबित हुआ है। वहीं स्वयं पंड़ति केषवराम डनायक की स्मृति में जहां षिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन को जो दिषा दी गई उनकी स्मृति में इसके पीछे उनके चिरंजीव पुत्र षिक्षक रवि डिनायक ने इसके पीछे अपने मंषा विचार व्यक्त करते हुए बयां की। हमारा परिवार स्वयं ही षिक्षक के रूप में जाना जाता है तथा पिता से जो संस्कार मिले षिक्षा को लेकर जहां षिक्षक स्वयं ही किस तरह से समय की पावंदी के विद्यालय में पहुंचने के लिए षिक्षा प्रदान करने के लिए जाना जाता था वहीं षिक्षा के माध्यम से विकास की आधार की दिषा जो तय होती है वह समस्त तरह के विकास को अंजाम को लेकर जानी जाती है। साथ ही इस कार्यक्रम में समूचे जिले के प्रतिभाषाली षिक्षक-षिक्षिकाओं को सम्मान से नवाजा गया। निष्चितौर पर जिन षिक्षकों को आज मंच से पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह व नपा अध्यक्ष श्रीमती मीना पाण्डेय ने प्रषस्ति पत्र व सम्मान से नवाजा है उनकी कार्य क्षेत्र में उनका हौषला अफजाई सदैव के लिए उन्हें प्रेरित करेगा इसके साथ-साथ सम्पूर्ण जिले के षिक्षकों के लिए यह कार्यक्रम अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर करने के लिए एक सोच के साथ नये आयाम तय करने को लेकर भी संदेष देने को लेकर माना जा रहा है। वहीं कुछ खास करने पर ही कुछ खास जाने जाते है षिक्षकों के माध्यम से ही जहां हर विद्यालय से छात्र-छात्राओं के बेहतर भविष्य के निर्माण को जो कार्य किया जा रहा है वह हमारे जिले के विकास के साथ-साथ प्रदेष व देष के लिए भावी समय में ये हीरे अपने आप में अपनी चमक से सदैव के लिए जाने जायेगें। यह समय जो षिक्षको के द्वारा उन्हें षिक्षा के माध्यम से दिषा दी जा रही है ये पल भी उनके लिए सदैव साक्षी होगें। गौरतलब बात यह है कि प्राथिमिक षिक्षक व माध्यमिक षिक्षक व अन्य षिक्षकगण सीएसी आदि जिन्हें सम्मान से नवाजा गया यह मंच व डनायक परिवार में जो आज यह दिषा तय की वहीं सच्ची प्रेरणा भावी पीढ़ी को संवारने के लिए जो आज रवि डनायक के माध्यम से अपने स्व. पिता केषवराम डनायक जी की स्मृति में जो यह सफल आयाम षिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन करके षिक्षकों का सम्मान वहीं विकास षिक्षा के माध्यम से ही षिक्षक के द्वारा तय किया जाता है। स्वयं डनायक परिवार यानि आपकी माता जी तथा रवि डनायक ने स्वयं अपने लोकप्रिय विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह जी का भी सम्मान किया। आपके पिता जी की सोच जो रेलवे लाईन को लेकर जो साबित हुई तत्कालीन समय में उनके विचार षिक्षक के रूप में आज प्रेरणादायी बने। जो विकास को लेकर रेलवे लाईन की जरूरत जानी जाती थी वह आज भी सार्थक दिषा को लेकर साबित हुई। कार्यक्रम में प्रथम नागरिक नपा अध्यक्ष श्रीमती मीना पाण्डेय का भी सम्मान किया गया विकास को लेकर। साथ ही सफल आयोजन के बाद आभार प्रदर्षन रवि डनायक द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन षिक्षक सुनील पाण्डेय द्वारा किया गया था। इस तरह से षिक्षक सम्मान समारोह की दिषा जहां हमारे जिले के लिए प्रेरणादायी दिषा को लेकर सदैव साक्षी बनी। जिन षिक्षकों को आज सम्मान से नवाजा गया उनमें हमारे शाहनगर विकासखण्ड से माध्यमिक षिक्षक श्रीमती नीता सैनी साथ ही मदन यादव प्राथमिक षिक्षक, षिवपाल सिंह जन षिक्षक, वहीं पवई विकासखण्ड से विजय पटेल माध्यमिक षिक्षक, सुश्री अंकिता जैन प्राथमिक षिक्षक, आदित्य बुन्देला जन षिक्षक वहीं गुनौर विकासखण्ड से श्रीमती सोनम शर्मा प्राथमिक षिक्षक, सुरेन्द्र कुमार बागरी माध्यमिक षिक्षक, जीतेन्द्र शर्मा जनषिक्षक, अजयगढ़ विकासखण्ड से मयंक दुबे माध्यमिक षिक्षक, दीपक यादव प्राथमिक षिक्षक, महेन्द्र कुमार यादव जनषिक्षक, पन्ना विकासखण्ड से राकेष मण्डल प्राथमिक षिक्षक, सुधीर द्विवेदी जनषिक्षक, कुलदीप त्रिवेदी एमआईएस प्रभारी जनपद षिक्षा केन्द्र पन्ना, सेवक लाल कुषवाहा संचालक डायमण्ड पब्लिक स्कूल पन्ना इस तरह से जहां इन सभी षिक्षकों से सम्मान से नवाजा गया है वहीं विकास की दिषा की आधार षिक्षा है आज षिक्षक सम्मान समारोह से विकास को आगे आयाम तय करने के लिए वहीं भावी भविष्य निर्माण करने के लिए यह कार्यक्रम सदैव के लिए बना प्रेरणादायी।

### पर्यटन के साथ रोजगारमूलक गतिविधियों को भी मिले बढ़ावा: पूर्व मंत्री श्री सिंह

# ईको पार्क अमझिरिया का हुआ शुभारंभ





### शहर के निकट पर्यटकों एवं आम नागरिकों को मिली बोटिंग की सुविधा

पन्ना।

हरियाली से भरपूर प्राकृतिक वातावरण में प्राचीन तालाब एवं जल स्त्रोत का पुनरूद्धार कर पर्यटन केन्द्र के नए रूवरूप में सृजन सराहनीय पहल है। पर्यटन क्षेत्र के विकास से स्थानीय स्तर पर रोजगार की भी असीम संभावना होती है। पर्यटन के साथ सर्वांगीण विकास के लिए रोजगार आधारित गतिविधियों को बढ़ावा देने का प्रयास भी जरूर होना चाहिए, जिससे स्थानीय स्तर पर लोगों को आजीविका का बढ़िया माध्यम मिल सके। इससे सामाजिक जीवन में बदलाव होने के साथ ही आर्थिक तरक्की के नए द्वार भी खुलते हैं। यह बात पन्ना विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने रविवार को पन्ना नगर के निकट ग्राम पंचायत मनकी के अमझिरिया ग्राम में बोटिंग सुविधा एवं ईको पार्क के शुभारंभ अवसर पर कही। विधायक श्री सिंह ने ईको पार्क के भविष्य में बेहतर विकास के संबंध में जरूरी प्रस्ताव एवं डीपीआर तैयार कराने के निर्देश भी दिए।

पन्ना विधायक ने जिला प्रशासन के इस अभिनव पहल एवं प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि अब पर्यटकों एवं आम नागरिकों को भी महानगरों की तर्ज पर प्रकृति की गोद में एवं सुरम्य वातावरण के बीच परिवार के साथ जलविहार का अवसर प्राप्त होगा। जिला मुख्यालय के निकट इस बोटिंग ईको पार्क को भविष्य में और बेहतर रूवरूप मिलेगा। इस कार्य में जनप्रतिनिधियों का भी भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। उन्होंने अमझिरिया में बोटिंग एवं ईको पार्क की स्थापना और स्थल चयन के निर्णय को सही बताते हुए कहा कि इसके मुख्य मार्ग के किनारे स्थापित होने से पर्यटक भी आसानी से पहुंचेंगे। यहां जलपान सुविधा के साथ ही पथ विहार के निर्माण, ओपन जिम की सौगात और दोना-पत्तल एवं कुल्हड़ में खान पान से लोगों को अलग अनुभव प्राप्त होगा। ईको पार्क में पैदल पथ, योग ध्यान स्थल, बच्चों के लिए किड्स जोन और सेल्फी प्वाइंट भी बनाया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि अमझिरिया ईको पार्क निश्चित ही परिवार के साथ यादगार पल बिताने तथा पिकनिक के लिए आदर्श स्थल बनेगा।

विधायक श्री सिंह ने कहा कि मनकी, अमझिरिया एवं आसपास के ग्रामों की महिलाओं को आजीविका गतिविधियों से जोड़कर स्थानीय उत्पाद को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाए। आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं के हस्तनिर्मित उत्पादों के विक्रय की रणनीति भी बनाएं। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध औषधीय महत्व के पौधों के उत्पाद तैयार कर इनकी मार्केटिंग का भी प्रयास किया जाए। स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार विभिन्न उत्पादों के निरंतर रूप से ईको पार्क स्थल में विक्रय की व्यवस्था तथा पारंपरिक एवं देशी खानपान को प्रोत्साहन देने की बात कही। इसके अलावा अमझिरिया में स्थित शराब दुकान को अन्यत्र स्थान पर स्थानांतरित करने की आवश्यकता भी बताई। पूर्व मंत्री ने अमझिरिया ईको पार्क की स्थापना को बड़ी उपलब्धि बताया और जिला कलेक्टर को बधाई दी। उन्होंने अच्छी सुविधाओं के साथ बेहतर संचालन तथा समय सीमा में शेष कार्यों को पूर्ण करने के लिए कहा। पूर्व मंत्री ने इस दौरान ईको पार्क की स्थापना में निरंतर रूप से सक्रिय सहयोग प्रदान करने वाले ग्राम पंचायत के उपयंत्री एवं सचिव का माल्यार्पण कर स्वागत भी किया। कार्यक्रम में उपस्थित बृजेन्द्र मिश्रा ने कहा कि बोटिंग एवं ईको पार्क की स्थापना से पर्यटकों के साथ ही स्थानीय ग्रामवासियों को भी लाभ मिलेगा। कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा कि पर्यटन आधारित गतिविधियों से ग्रामवासियों का आर्थिक रूप से उत्थान होने के साथ ही क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा। आगामी दिवसों में पार्किंग और कैफेटेरिया के साथ पर्यटकों की सुविधा के दृष्टिगत पेयजल, शौचालय, फर्नीचर, बच्चों के लिए झूले, गजीबो एवं घाट को बेहतर बनाने के साथ सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। प्राचीन तालाब में निरंतर पानी की उपलब्धता के संबंध में भी कार्ययोजना मुताबिक जरूरी कार्य कराए जाएंगे। समूह की महिलाओं को रोजगार आधारित गतिविधियों से जोड़ने के साथ ही आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### बोटिंग एवं देशी व्यंजनों का उठाया लुत्फ

अमझिरिया ईको पार्क के लोकार्पण अवसर पर पन्ना विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने बोटिंग को लुत्फ भी उठाया। देशी व्यंजनों का स्वाद भी चखा। इस मौके पर परिसर में पौधरोपण भी किया गया। अतिथियों ने परिसर का भ्रमण कर विभिन्न कार्यों की जानकारी ली। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव, सरपंच अंजू यादव सहित पुलिस अधीक्षक सांईं कृष्ण एस थोटा, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, अनुविभागीय अधिकारी वन अंशुल तिवारी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एस.पी.एस. बघेल, थाना प्रभारी कोतवाली रोहित मिश्रा, प्लाटून कमांडर होमगार्ड सत्यपाल जैन, जनपद पंचायत सीईओ अखिलेश उपाध्याय, परियोजना अधिकारी पियूष मिश्रा, जिला परियोजना प्रबंधक ग्रामीण आजीविका मिशन प्रमोद शुक्ला, कमल लालवानी, कैलाश गुप्ता, बॉबी राजा, सुरेन्द्र सिंह, विनोद तिवारी, लक्ष्मी यादव, पुष्पेन्द्र गहरवार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार द्वारा किया गया। संचालनकर्ता द्वारा ईको पार्क निर्माण के दौरान पूर्ण तथा प्रस्तावित कार्यों की विस्तृत जानकारी भी दी गई।

## सांदीपनि विद्यालय अजयगढ़ में शिक्षक दिवस के अवसर पर हुई शिक्षक संगोष्ठी

अजयगढ़।



डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जन्म जयंती एवं शिक्षक दिवस के अवसर पर सांदीपनि विद्यालय अजयगढ़ में शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें सभी शिक्षकों ने अपना विद्यालय एवं नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये।इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य श्री वीरेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा सरस्वती पूजन एवं डॉ राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया कार्यक्रम का संचालन श्री प्रवीण कुमार पांडे द्वारा किया गया। शिक्षकों द्वारा सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान पर चर्चा की गई तथा नई शिक्षा नीति 2020 को विद्यालय में कैसे लागू किया जाए एवं बच्चों के लिए कितना उपयोगी है। विषय पर सभी शिक्षकों द्वारा अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए गए ।अंत में शिक्षक संगोष्ठी प्रतियोगिता में विकासखंड स्तर पर एवं जिला स्तर में प्रथम स्थान पर चयनित तथा राज्य स्तर पर शिक्षक संगोष्ठी में जिले का शानदार प्रतिनिधित्व करने वाली शिक्षिका कुमारी निवेदिता शुक्ला द्वारा भी भी अपनी प्रस्तुति दी गई। उक्त सफलता के लिए समस्त शिक्षकों द्वारा निवेदिता शुक्ला को ढेर सारी शुभकामनाएं दी गई एवं एवं उज्जवल भविष्य की कामना की गई। प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। साथही श्री मोहनलाल शिक्षक द्वारा कुमारी निवेदिता शुक्ला के सम्मान में स्वरचित कविता का वाचन भी किया गया।शिक्षक संगोष्ठी में श्रीमती अनीता मिश्रा श्री शिव नारायण सिंह श्री विष्णु प्रसाद लखेरा गजेंद्र सिंह आशीष कुमार अर्चना मैडम आदि समस्त शिक्षकों ने अपने विचार प्रस्तुत किये। विद्यालय काआगे कैसे संचालन किया जाए जिससे हम नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों को पाने में सफल हो ,के लिए सुझाव प्राप्त हुए अंत में प्राचार्य द्वारा समस्त के विचारों की समरी प्रस्तुत कर सभी शिक्षकों को सहभागिता के लिए धन्यवाद दिया और शिक्षक दिवस की सभी लोगों को शुभकामनाएं दी एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का निवेदन किया।

## देवेन्द्रनगर में दशलक्षण पर्व पर निकली भव्य शोभायात्रा, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, क्षमावाणी कार्यक्रम में गूंजा उत्तम क्षमा का संदेश



देवेन्द्रनगर।

चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में जैन समाज द्वारा दशलक्षण पर्व (पर्यूषण) को अत्यंत श्रद्धा, संयम और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। चतुर्थी से अनंत चतुर्दशी तक प्रतिदिन महामस्तकाभिषेक पूजन भजनकीर्तन, संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। ब्रह्मचारी अंकित भैया जी ने दस दिनों तक धर्म के महत्व और उसके पालन की विधियों पर मर्मस्पर्शी प्रवचन दिए, जिससे श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होते रहे अनंत चतुर्दशी के दिन पूरे दिन और रात्रि धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रही 7 सितम्बर को क्षमावाणी कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें समाज के सभी लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर उत्तम क्षमा मांगी और प्रभु से वर्ष भर की भूलों के लिए क्षमा याचना की इसके पश्चात भगवान श्री जिनेन्द्र प्रभु की भव्य शोभायात्रा मंदिर से नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। शोभायात्रा में केसरिया ध्वज पताका के साथ उद्घोष बैंड भगवान आदिनाथ का विमान महिलाओं द्वारा भजनकीर्तन महावीर स्वामी सहित तीर्थंकरों की जयघोष जब शोभायात्रा पन्ना रोड की ओर बढ़ी तभी इंद्रदेव ने प्रसन्न होकर अमृतरूपी वर्षा से प्रभु का अभिषेक किया जिससे श्रद्धालुओं को गर्मी से राहत मिली और उत्साह दोगुना हो गया नगर के सभी व्यापारीगणों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर शोभायात्रा में भाग लिया शोभायात्रा सतना रोड बस स्टैंड मार्ग सलेहा रोड मेन तिराहा होते हुए पुनः मंदिर पहुंची जहाँ प्रसाद वितरण के साथ पर्व का समापन हुआ समिति पदाधिकारीगण की उपस्थिति रही अध्यक्ष प्रदीप जैन उपाध्यक्ष इंद्र चंद्र जैन कल्पना जैन,महामंत्री रवि जैन ,सहमंत्री शांत कुमार जैन, राहुल जैन राजुल जैन, साधना जैन कोषाध्यक्ष संजय जैन, (मम्मा)मनीष जैन मुनि सेवा अध्यक्ष रविन्द्र जैन (बबलू) ओर पत्रकार गढ़ रहे।

### मुख्य आकर्षण का केंद्र साइकिल पर विराजमान गणेश प्रतिमा रही

# नम आंखों से दी गई बप्पा को विदाई

### अगले बरस तू फिर से आ के जयकारों के साथ हुआ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

पवई।



देश प्रदेश सहित जिले भर में गणेश चतुर्थी से शुरू हुए दस दिवसीय गणेश उत्सव का शनिवार को अनंत चतुर्दशी पर गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ समापन हो गया। सुबह से ही पवई नगर सहित क्षेत्र भर में गणेश पंडालों,प्रतिष्ठानों और लोगों के घरों में स्थापित गणेश प्रतिमाओं का विधि विधान मंत्रोच्चारण हवन पूजन और भंडारे के बाद आसपास स्थित नदी तालाबों में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। पवई नगर में भी नगर से बहने वाली पवित्र पतने नदी में प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं की आंखें नम दिखाई दी साथ ही गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू फिर से आ के जयकारों के साथ उन्हें विदाई दी गई। लोग ढोल नगाड़ों की धुन पर नाचते, एक दूसरे को रंग गुलाल लगाते दिखाई दिए। गणेश प्रतिमाओं में सबसे आकर्षक का केंद्र साइकिल पर विराजमान गणेश प्रतिमा थी। इस दौरान स्थानीय प्रशासन,नगरीय प्रशासन के मुखिया बसंत दहायत,थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी के साथ पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुस्तैद रहा। थाना प्रभारी ने बताया कि 50 प्रतिशत से ज्यादा प्रतिमाएं विसर्जित हो चुकी हैं,बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए शासन प्रशासन के द्वारा क्रेन की व्यवस्था की गई है। लगभग दस बजे तक सारी मूर्ति विसर्जन की संभावना है। नदी के किनारे कोस्ट गार्ड की भी तैनाती की गई ताकि किसी भी अप्रिय घटना से निपटा जा सके। बता दें कि भगवान गणेश माता पार्वती और भगवान शिव के पुत्र हैं और रिद्धि सिद्धि सुख संपदा समृद्धि देने वाले और देवताओं में प्रथम पूज्य हैं उनकी पूजा आराधना करने से लोगों के सारे दुख दर्द दूर होते हैं और घरों में सुख समृद्धि आती है गणेश उत्सव के का प्रारंभ 1893 में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के द्वारा की गई थी इसका उद्देश्य देश में एक जड़ता लाने और राष्ट्रवादी विचारों को बढ़ावा देना था पुरानी कथाओं के अनुसार गणेश जी लगातार 10 दिनों तक महाभारत ग्रंथ लिखते रहे जिस कारण उनके शरीर का तापमान बढ़ गया शरीर तुरंत अपने लगा था 10 दिनों के बाद गणेश जी के शरीर के ताप को संतुलित करने के लिए उनसे सरोवर में स्नान करने की विनती की गई तभी से अनंत चतुर्दशी के दिन गणेश विसर्जन किया जाता है।

## खबर संक्षेप



### ब्रसेल्स में बुंदेलखंड की शैक्षिक और सांस्कृतिक विरासत को किया गया याद

**खजुराहो।** बेल्जियम के ब्रसेल्स में परम पूज्य पंडित देव प्रभाकर शास्त्री दद्दाजी के अवतरण दिवस और शिक्षक दिवस पर मतँगेश्वर सेवा समिति व दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर के तत्वावधान में भव्य सम्मान समारोह आयोजित हुआ। पंडित सुधीर शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि स्थानीय सांसद मोहम्मद ओरियाघली उपस्थित रहे। सुधीर शर्मा ने अपने माता-पिता पंडित मथुरा प्रसाद शर्मा और स्व. पुष्पा शर्मा को श्रद्धांजलि दी, जिनके शिक्षा क्षेत्र के योगदान को सराहा गया। समारोह में डॉ. अयोध्या प्रसाद गुप्ता, स्व. प्रभात झा, स्व. कंछेदी लाल पाठक, गौतम बंधुओं, लवानिया बंधुओं, तिवारी बंधुओं, अनीता ओस्माण्ड, डॉ. अशोक हेमल, प्रो. अशोक जैन, आईएएस रंजन यादव और संजय जैन को खजुराहो व बुंदेलखंड की पहचान विश्व स्तर पर स्थापित करने के लिए सम्मानित किया गया। श्री मतंग ऋषि, आचार्य विद्यासागर जी महाराज, परम पूज्य दद्दा जी सहित कई आध्यात्मिक विभूतियों को भी श्रद्धांजलि दी गई। समारोह में शाकाहारी भोज के साथ सौहार्दपूर्ण माहौल में समापन हुआ।

### किशोर की बांध में नहाते समय डूबने से मौत

**छतरपुर।** थरा बांध में नहाने गए एक 12 वर्षीय किशोर की डूबने से मृत्यु हो गई। यह हादसा तब हुआ जब वह अपने दोस्तों के साथ बांध पर पार्टी मनाने गया था। किशोर के साथ गए अन्य बच्चे तैरना नहीं जानते थे, जिसके कारण उसे बचाया नहीं जा सका। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बरायचाखेरा निवासी अंकित पुत्र तुलसीदास पटेल उम्र 12 वर्ष, अपने 15-20 दोस्तों के साथ थरा बांध पर भटा-गाकरिया की पार्टी मनाने गया था। कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इस बांध पर नहाने के दौरान अंकित गहरे पानी में चला गया और डूब गया। अंकित के साथ गए सभी दोस्त तैरना नहीं जानते थे, जिसके कारण उसे बचाने में कोई मदद नहीं कर सका। इस दुखद घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मां अन्नपूर्णा मेला जलबिहार का हुआ शुभारंभ, बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**जलबिहार महोत्सव में मयूर नृत्य, बृज होली आज**



**छतरपुर।** शहर की सांस्कृतिक व धार्मिक विरासत के रूप में विगत 82 वर्षों से स्थापित जलबिहार महोत्सव का आगाज मां अन्नपूर्णा मंदिर प्रांगण गल्लामंडी में हो चुका है । जलबिहार शोभायात्रा के बाद शनिवार शाम औपचारिक उद्घाटन हुआ जिसमें भाजपा जिला महामंत्री सुरेंद्र चौरसिया, समाजसेवी मनीष दोसाज, विकास चतुर्वेदी व भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अरविंद बुंदेला उपस्थित रहे तत्पश्चात नन्हें मुन्नें बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। श्रवण द्वादशी को भगवान विमान में विराजकर प्रताप सागर पहुंचे जहां उन्होने नांव में बिहार किया। आगामी 14 सितंबर तक के लिए विमान मां अन्नपूर्णा मंदिर में विराजित रहेंगे। महोत्सव के दूसरे दिन बुंदेली संगीत मंडल के कलाकारों द्वारा संगीतमय सुंदरकांड किया गया जिसमें लोग भक्तिरस में डूबे दिखे। 06 सितंबर को मेले का औपचारिक उद्घाटन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री सुरेंद्र चौरसिया उपस्थित रहे वहीं विशिष्ट स्थिति के रूप में समाजसेवी मनीष दोसाज, विकास चतुर्वेदी व भाजपा मीडिया प्रभारी अरविंद बुंदेला शामिल हुए।

## नौगांव में जिला संस्कृति महोत्सव :

# 187 छात्र-छात्राओं ने दिखाया कला और प्रतिभा का जादू

**विभिन्न प्रतियोगिताओं में हुआ उत्साहपूर्ण मुकाबला, विजेताओं को किया गया सम्मानित**

**नौगांव।**

शहर के सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रविवार को जिला संस्कृति महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर छतरपुर जिले के विद्या भारती से जुड़े विभिन्न विद्यालयों के 187 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे हुआ। सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन से प्रारंभ हुए इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जिला सचिव मणिकांत गुप्ता, सह प्रांत प्रमुख हरिराम तिवारी, संगीत प्रमुख राजेंद्र प्रसाद यादव तथा विद्यालय के प्राचार्य धीरेंद्र श्रीवास्तव मंच पर उपस्थित रहे। विभाग बौद्धिक प्रभारी प्रमोद उपाध्याय ने कुशल संचालन करते हुए माहौल को जीवंत बनाए रखा। महोत्सव में विद्यार्थियों ने अपनी कला और रचनात्मकता का अद्भुत प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के क्रम में तत्कालिक भाषण, एकल अभिनय, चित्रकला, रंगोली, मूर्तिकला, अंताक्षरी, गीता पाठ, प्रश्न मंच, तबला वादन, गीत-नृत्य, वंदे मातरम, शास्त्रीय संगीत और निबंध लेखन का आयोजन किया गया। बच्चों की ऊर्जा और उत्साह देखकर दर्शक भी तालियों की गड़गड़ाहट से बार-बार उनकी हौसला अफजाई करते नजर आए। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मंच पर विशेष गरिमा देखने को मिली। पूर्व छात्र सुशील पटेरिया एवं संघ के खंड विस्तारक नीरेंद्र मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतियोगिताओं में विजेता एवं उपविजेता रहे प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। संयोजक ओमप्रकाश पटेरिया ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक महोत्सव से बच्चों की छुपी हुई प्रतिभा सामने आती है और उनमें आत्मविश्वास का विकास होता है। महोत्सव के दौरान मंच पर बार-बार भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिली। बच्चों ने गीता पाठ और शास्त्रीय संगीत प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भारतीय परंपराओं और सामाजिक संदेशों को खूबसूरती से उकेरा। विद्यालय परिसर उत्साह और उमंग से सराबोर रहा। विद्यार्थियों और अभिभावकों ने इस आयोजन को सांस्कृतिक धरोहर का उत्सव बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम नई पीढ़ी में कला और संस्कार दोनों का संचार करते हैं।

## दिगंबर जैन समाज के दशलक्षण महापर्व का हुआ समापन

# नैनों में नमी और भक्ति भाव से हुआ पर्वराज पर्युषण का समापन

**नौगांव।**

दिगंबर जैन समाज के दशलक्षण महापर्व का शनिवार को विधि विधान से संपन्न हुआ। जैन समाज का आत्मशुद्धि का महापर्व पर्युषण शनिवार को नैनों में नमी और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। नौगांव जैन समाज ने दस लक्षण धर्म के महाव्रतों को प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी पूरे उल्लास और श्रद्धा से मनाया।



28 अगस्त से आरंभ हुआ यह पावन पर्व 6 सितंबर को समाप्त हुआ। दस लक्षण धर्म के तहत उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम सत्य, उत्तम शौच, उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम त्याग, उत्तम आकिंचन और उत्तम ब्रह्मचर्य की साधना के साथ श्रद्धालुओं ने आत्मकल्याण का मार्ग अपनाया। सुबह 5 बजे से ही पुरुष वर्ग धोती-दुपट्टा धारण कर हाथों में द्रव्य लेकर भगवान के अभिषेक-पूजन हेतु मंदिर पहुंचते थे और दोपहर 11 बजे तक पूजन, पाठ व स्वाध्याय कर घर लौटते थे। संध्या में संगीतमय आरती से मंदिर प्रांगण गूंज उठता और जनमानस प्रभु भक्ति में झूमकर नृत्य उत्सव मनाता। रात्रि में राजस्थान के भीलवाड़ा से आए आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के संघस्थ बाल ब्रह्मचारी हर्षित भैया द्वारा मंगल धर्मदेशना दी जाती थी। धर्मदेशना में आचार्य श्री ने कहा कि पर्युषण केवल पर्व नहीं, बल्कि आत्मा की जागृति का अवसर है। क्षमा और संयम के बिना मोक्षमार्ग की ओर बढ़ना असंभव है। उन्होंने आगे कहा कि क्षमा सबसे बड़ा धर्म है। दूसरों की भूलों को क्षमा करने वाला वास्तव में आत्मबलवान होता है। अहिंसा और सत्य ही जैन धर्म की सबसे बड़ी पहचान है और यही मानवता को आगे बढ़ाने का मार्ग है। समापन अवसर पर 6 सितंबर को बाजी किस्मत प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसके प्रायोजक जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद कुमार जैन रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चंद्रलता जैन पत्नी अजित जैन ने प्राप्त कर सम्मेदशिखर जी की वंदना का सौभाग्य पाया। द्वितीय स्थान पर आदर्श जैन को कुण्डलपुर वंदना और तृतीय स्थान पर पर्व जैन को सोनागिर वंदना का सौभाग्य मिला। रविवार 7 सितंबर की सुबह 8 बजे श्री जी की पालकी शोभायात्रा बड़े धूमधाम से निकाली गई। सुसज्जित पालकी में विराजमान भगवान श्री जी को फूलों से अलंकृत किया गया। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों मुख्य बाजार होते हुए मंदिर परिसर पहुंची। जगह-जगह समाजजनों ने फूलों की वर्षा और आरती से स्वागत किया। महिलाएं मंगल गीत गाती हुई आगे बढ़ीं तो युवाओं ने कलश और ध्वज लेकर शोभा बढ़ाई। मार्ग में जलपान एवं स्वागत पंडालों की व्यवस्था भी रही। मंदिर परिसर पहुंचने के बाद भगवान श्री जी का अभिषेक-पूजन हुआ। सांयकाल संगीतमय आरती के बाद क्षमा वाणी पर्व का आयोजन हुआ। इस अवसर पर समाजजनों ने एक-दूसरे से मिलकर जाने-अनजाने में हुई भूलों के लिए क्षमा याचना की और नई शुरुआत का संकल्प लिया।

## गणेश विसर्जन करने गए भाईयों के साथ हुआ हादसा

# लहचूरा बांध में दो भाई डूबे, एक की जान बची, दूसरे का शव मिला

**हरपालपुर।**

**नगर के पास एमपी-यूपी सीमा पर स्थित लहचूरा बांध की धसान नदी में गणेश विसर्जन के दौरान एक दुखद हादसा हो गया। दरअसल यहां गणेश प्रतिमा विसर्जन के बाद नहाने उतरे दो सगे भाई गहराई में डूबने लगे। किसी तरह एक को तो बचा लिया गया, लेकिन दूसरा तेज धार में बह गया। करीब 30 घंटे बाद दूसरे युवक का शव मिल सका है।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सिजारी निवासी 20 वर्षीय दीपू पुत्र कैलाश रैकवार, अपने बड़े भाई सेवक के साथ गणेश विसर्जन के लिए बांध पर गया था। विसर्जन के बाद दोनों भाई नहाने के लिए पानी में उतरे। नदी में तेज बहाव और गहराई अधिक होने के कारण दोनों डूबने लगे। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत रेस्क्यू शुरू किया और सेवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन दीपू पानी की तेज धार में बह गया। सूचना मिलते ही लहचूरा थाना पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और रविवार को रेस्क्यू अभियान जारी रखा, लेकिन दीपू का कोई सुराग नहीं मिल सका। आखिरकार 30 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद लापता युवक का शव मिल सका।

# संत निरंकारी मिशन के तहत लगाया गया रक्तदान शिविर



**छतरपुर।** संत निरंकारी मिशन द्वारा रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने और लोगों को इस पुण्य कार्य में शामिल करने के लिए रविवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज और निरंकारी राजपिता रमित के मार्गदर्शन में संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में भक्तों और शहर के गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक गांधी आश्रम, नगर पालिका के पास विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। इस शिविर में संत निरंकारी मंडल के भक्तों के साथ-साथ बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने रक्तदान किया। संत निरंकारी मंडल ब्रांच छतरपुर की मुखी बहन पार्वती नायक ने शहरवासियों से इस जन कल्याणकारी कार्य में सहयोग की अपील की थी, जिसका उत्साहपूर्ण जवाब मिला। उन्होंने कहा कि रक्तदान से न केवल जरूरतमंदों की मदद होती है, बल्कि यह सतगुरु माता जी के आशीर्वाद का माध्यम भी है। इस आयोजन ने रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने और सामाजिक एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उल्लेखनीय है कि शनिवार को छतरपुर में रक्तदान जागरूकता के लिए एक विशाल पैदल रैली भी निकाली गई थी।

# शुरु हुआ पितृपक्षः जलाशयों में हुआ पितृ पूजन और जल तर्पण

**छतरपुर। शुक्रवार से पितृपक्ष शुरु हो चुके हैं और सनातन धर्मावलंबियों ने अपने पूर्वजों का पितृ पूजन कर जल तर्पण करना शुरु कर दिया है। नगर के विभिन्न जलाशयों के घाटों पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच तर्पण की परंपरा निभाई गई।**



पितृपक्ष के पहले दिन श्रद्धालुओं ने बूढ़ा बांध, प्रताप सागर तालाब, विंध्यवासिनी तालाब, सौरा रोड तालाब और महोबा रोड के सरोवरों पर स्नान-ध्यान कर अपने पितरों को तिल, पुष्प, दूध और जल अर्पित किया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंडितों ने तर्पण की प्रक्रिया संपन्न कराई। स्थानीय राकेश कुमार तिवारी ने बताया कि पितृपक्ष का समय पूर्वजों की आत्मा की शांति और उनके आशीर्वाद के लिए विशेष महत्व रखता है। तर्पण से पितरों की तृप्ति होती है और परिवार में सुख-शांति व समृद्धि का मार्ग खुलता है। इस अवसर पर समाजसेवियों ने श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की।

### पूर्वजों की सेवा का अवसर देता है पितृपक्ष



पितृपक्ष में 15 दिनों तक अपने पूर्वजों की सेवा करने का अवसर मिलता है। पितरों के निमित्त ब्राह्मणों को भोजन कराना, सुबह से जल स्त्रोतों में जाकर उनके लिए तर्पण करना और उन्हें श्रद्धांजलि देने का मौका मिलता है। पितृपक्ष में पीपल के वृक्ष की पूजा का विशेष महत्व बताया गया है।

# सहस्त्र नाम पूजा के साथ हुआ गणेश विसर्जन, शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**बमीठा। कस्बे में चल रहे गणेश महोत्सव का समापन शनिवार को सहस्त्र नाम पूजा और भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। भगवान गणेश के जयकारों से नगर गूंज उठा, और बेनी सागर डैम पर प्रतिमा विसर्जन के दौरान भक्तों की आंखें नम हो गईं। प्रशासन और पुलिस की कड़ी व्यवस्था के बीच यह आयोजन शांतिपूर्ण और धूमधाम से संपन्न हुआ, जिसमें बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।**



अंतिम दिन धार्मिक उल्लास छाया रहा। श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा की प्रतिमाओं को सजाकर नगर के प्रमुख मार्गों से विशाल शोभायात्रा निकाली। बैंड-बाजों, डीजे और ढोल-नगाड़ों की थाप पर भक्त नाचते-झूमते चले, जबकि महिलाओं और युवाओं ने मंगल गीतों से माहौल को और भक्तिमय बनाया। स्थानीय व्यापारी और ठेकेदार अंशुल गुप्ता ने बताया कि वे पिछले 14 वर्षों से अपने निजी निवास पर मिट्टी की गणेश प्रतिमा स्थापित करते हैं और इस बार भी बड़ी धूमधाम से विसर्जन किया गया। खजुराहो एसडीओपी मनमोहन सिंह बघेल और बमीठा थाना प्रभारी आशुतोष श्रोत्रिय के नेतृत्व में चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रही, जिससे कोई अव्यवस्था नहीं हुई। बमीठा ग्राम पंचायत के सरपंच सनत मंजू जैन के मार्गदर्शन में नगरीय प्रशासन ने साफ-सफाई, रोशनी, पेयजल और विसर्जन स्थल पर विशेष व्यवस्थाएं कीं।

### बक्सवाहा में भी गणेशोत्सव का हुआ समापन

वहीं दूसरी ओर बक्सवाहा में भी गणेश महोत्सव श्रद्धा और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। गणपति बप्पा के जयकारों के साथ निकली शोभायात्रा में ढोल-नगाड़ों, भक्ति गीतों और गुलाल की धूम रही। महिलाएं, बच्चे और युवा उत्साहपूर्वक शामिल हुए, और विसर्जन के दौरान भक्तों ने भावुक होकर बप्पा को विदाई दी। पुलिस प्रशासन की सतर्क व्यवस्था ने आयोजन को शांतिपूर्ण बनाया। समापन पर भव्य शोभायात्रा निकली, जिसमें भक्तों ने नारियल, फूल और मिठाई अर्पित कर गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष के साथ विदाई दी। स्थानीय युवाओं ने आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे धार्मिक आयोजन भाईचारे और एकता को मजबूत करते हैं। पुलिस प्रशासन की कड़ी व्यवस्था और सतर्कता से शोभायात्रा और विसर्जन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। अंत में प्रसाद वितरण के साथ महोत्सव का समापन हुआ।



# महाप्रबंधक के मुख्य अतिथि में औपचारिक सुरक्षा वार्ता का जगह जगह मनाया गया सालगिरह

**सिंगरौली**

एनसीएल के दुद्धिचुआ प्रोजेक्ट में औपचारिक सुरक्षा वार्ता के एक वर्ष पूर्ण होने पर औपचारिक सुरक्षा वार्ता का सालगिरह मनाया गया। 5 सितम्बर 2024 से लगातार दुद्धिचुआ प्रोजेक्ट के सभी कर्मचारियों के साथ औपचारिक सुरक्षा वार्ता किया जा रहा था जिसके कारण सभी कर्मचारियों के दिल और दिमाग में सुरक्षा के प्रति एक अलग छवि बनी हैं। सुरक्षा वार्ता से खदान के अंदर शून्य छति दक्षता प्राप्त हुई हैं, औपचारिक सुरक्षा वार्ता से सभी कर्मचारी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कार्य करते हैं। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक ने सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि हमारे लिए गर्व कि बात हैं कि सभी वर्कर सुरक्षा को ध्यान में रखकर कार्य को सुचारु रूप से किया।इसके पश्चात खान प्रबंधक ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि सुरक्षा वार्ता केवल सुनने से नहीं बल्कि सुरक्षा नियमों को पालन करने से सार्थक होता हैं साथ ही अपनी मधुर वचनो से सभी को जागरूक किया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुद्धिचुआ के महाप्रबंधक वी के सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में परियोजना अधिकारी पी के त्रिपाठी रहे।सम्पूर्ण कार्यक्रम कि अध्यक्षता खान प्रबंधक तेजाराम ने किया, इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमर प्रसाद एवं परियोजना सुरक्षा अधिकारी मनोज पाण्डेय की मुख्य भूमिका रही। इस कार्यक्रम का आयोजन परियोजना सुरक्षा अधिकारी मानोज के अगुवाई में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेक्शन मैनेजर उमाशंकर सिंह,ट्रेड यूनियन से अत्रिलाल बैस, राजेश मणि त्रिपाठी, लवकुश तिवारी, सुरजीत सिंह रॉकी एवं एच ओ ई इंचार्ज के साथ राजीव रंजन,श्रीपती महतो, प्रभात तिवारी एवं जी एस को कंपनी के सैकड़ो वर्कर उपस्थित रहे।

